हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जून 2026

04 हादसे से नहीं लिया सबक! सोमवती अमावस्या...



07 वरिष्ठजनों के सम्मान में भाजपा का अभिनंदन...





## खबर संक्षेप

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाये।

### 2,40,295 बहनों के खाते में 35 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के केसली विकासखंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

### मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

# सीहोर में बिना सुरक्षा सर्टिफिकेट के पास हो गईं 18 नई बसें नियमों को ताक पर रखकर परिवहन विभाग ने किया खेल!

### टाइप अप्रूवल सर्टिफिकेट के ही पुराने और बंद हो चुके फॉर्म के आधार पर नई बसों का किया पंजीयन, परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के पत्र से हुआ खुलासा

**सीहोर।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग में नियमों को ताक पर रखकर बिना टाइप अप्रूवल सर्टिफिकेट (सुरक्षा प्रमाण पत्र) के 2440 नई बसों के पंजीयन का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के एक पत्र से खुलासा हुआ है कि इस महाघोटाले की आंच सीहोर जिले तक भी पहुंची है। नियमों को ताक पर रखकर सीहोर परिवहन कार्यालय में भी 18 नई बसों का नियम विरुद्ध पंजीयन कर दिया गया। अब इस मामले में बस एसोसिएशन ने सीधे अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

बता दें भारत सरकार के सडक़ परिवहन मंत्रालय के नए नियमों के मुताबिक 1 सितंबर 2025 से 13 या उससे अधिक सीटों वाली किसी भी बस का रजिस्ट्रेशन करने से पहले उसकी बॉडी का मान्यता प्राप्त टेस्टिंग एजेंसी से पास होना अनिवार्य है, जिसे टाइप अप्रूवल सर्टिफिकेट (फॉर्म 53/153) कहा जाता है। 1 सितंबर 2025 से पहले बॉडी बिल्डर खुद ही लिखकर दे देते थे (फॉर्म 22) और बस पास हो जाती थी, लेकिन सरकार ने इस पुराने नियम को पूरी तरह खत्म कर दिया है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।




फाइल फोटो

### सीहोर परिवहन विभाग ने भी नियमों को दिखाया अगूंठा

परिवहन आयुक्त के पत्र से साफ है कि सीहोर के परिवहन अधिकारियों को इस नए नियम की पूरी जानकारी थी। इसके बावजूद उन्होंने बिना अनिवार्य टाइप अप्रूवल सर्टिफिकेट के ही पुराने और बंद हो चुके फॉर्म के आधार पर सीहोर में 18 नई बसों का धड़ल्ले से पंजीयन कर दिया। इस लापरवाही या मिलीभगत के कारण यात्रियों की सुरक्षा दांव पर लग गई है।

### बस मालिक नहीं, आरटीओ अधिकारी हैं असली दोषी

मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर साफ कहा है कि आम बस मालिकों को बदलते कानूनों की तकनीकी जानकारी नहीं होती। वे गाड़ी खरीदकर रजिस्ट्रेशन के लिए आरटीओ ऑफिस में जमा करते हैं। अगर दस्तावेज गलत थे तो अधिकारियों ने पंजीयन क्यों किया। एसोसिएशन ने मांग की है कि बस मालिकों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के बजाय दोषी परिवहन अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर बर्खास्तगी की कार्रवाई हो।

### प्रदेश भर में 2440 बसें पास

इस घोटाले में पूरे प्रदेश के 52 जिलों में कुल 2440 बसें बिना जरूरी सर्टिफिकेट के पास की गईं। इसमें सबसे ज्यादा 387 बसें इंदौर में और 166 बसें भोपाल में पास हुईं।

चिंता की बात यह है कि इनमें 141 स्कूल बसें भी शामिल हैं, जिनमें भोपाल में सबसे अधिक 51 स्कूल बसें बिना सुरक्षा जांच के पास कर दी गईं, जो सीधे तौर पर बच्चों की जान से खिलवाड़ है। इधर सीहोर में भी 18 बसें नियमों को अनदेखा कर संचालित हो रही है।

अब परिवहन आयुक्त ने सभी जिला परिवहन अधिकारियों को 15 दिनों में जवाब देने और पंजीयन रद्द करने के निर्देश दिए हैं, सीहोर बस ऑपरेटर्स में भी हडक़ंप मचा हुआ है।

### जांच के निर्देश मिले हैं

बसों को जो सर्टिफिकेट दिए थे, वह अप्रूव्ड नहीं किए हैं। इन वाहनों के फार्म 22 बी के आधार पर पंजीयन हुए हैं, उसमें जो बॉडी बिल्डर्स को सर्टिफिकेट लेना था वह नहीं लिए गए। वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**रितेश तिवारी,** आरटीओ सीहोर

### 220 लीटर का ड्रम 26,500 में बेचने का खुला ऑफर, खुद ही पोस्ट डालकर फंसा युवक

# बड़ी कार्रवाई : सोशल मीडिया पोस्ट ने खोली काला बाजारी की पोल, 3100 लीटर अवैध डीजल जब्त

मामला ग्राम पंचायत छीपानेर का है। यहां 25 वर्षीय शिवम पिता रामशंकर गंधवाने अपने घर को ही डीज़ल भंडारण और बिक्री का अड्डा बनाए हुए था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र में डीजल की कमी के चलते डीजल की कालाबाजारी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक युवक खुलेआम अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर डीजल बेच रहा था। प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3100 लीटर अवैध डीजल जब्त किया है। इस कार्रवाई में खुलासा सामने आया है कि, युवक ने खुद हीअपने सोशल मीडिया एकाउंट पर खुला ऑफर डालकर अपने इस अवैध कारोबार का खुलासा कर बैठा।

मामला ग्राम पंचायत छीपानेर का है। यहां 25 वर्षीय शिवम पिता रामशंकर गंधवाने अपने घर को ही डीजल भंडारण और बिक्री का अड्डा बनाए हुए था।

युवक ने खुद ही अपने सोशल मीडिया पर खुलेआम वायरल पोस्ट में उसने 220 लीटर डीजल का ड्रम मात्र 26,500 रुपए में देने का ऑफर दिया था। इसके अलावा 50 और 100 लीटर के लिए टोकन बुकिंग की बात भी लिखी गई थी। यही पोस्ट प्रशासन के लिए सुराग बन गई।

इस मामले में सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर कुशवाह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार आरती सोलंकी के नेतृत्व में राजस्व विभाग से चार पटवारी, खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार शाम को युवक के घर दबिश दी। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई के दौरान घर में 14 बड़े प्लास्टिक ड्रम मिले, जिनमें से 12 ड्रम डीजल से भरे हुए थे, जबकि 2 खाली पाए गए। जांच में सामने आया कि प्रत्येक ड्रम में लगभग 220 किलोग्राम डीजल भरा हुआ था। कुल मिलाकर 2640 किलोग्राम यानी करीब 3105 लीटर डीजल बरामद किया गया। जब्त डीजल की कीमत लगभग 3 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। मौके पर ही डीजल जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया और उसे छीपानेर किसान सेवा केंद्र की सुपुर्दगी में दे दिया गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह सीहोर स्थित GIRL इंडिया प्राइवेट लिमिटेड निजी कंपनी से डीजल लाकर घर में जमा करता था और बाद में ऊंचे दामों पर बेचता था। हालांकि उसके पास इतने बड़े स्तर पर डीजल भंडारण और बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं थी।





### किसानों की मजबूरी उठाया फायदा, बनाया मुनाफे का जरिया

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच जहां किसान डीजल के लिए परेशान हैं, वहीं कालाबाजारी करने वाले उनकी मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें जरूरत के समय महंगे दामों पर डीजल खरीदना पड़ रहा है। वहीं रेत का उत्खनन , परिवहन करने वाले लोगोंको आसानी से बड़ी मात्रा में डीजल मिल रहा है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### युवक के सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाना पड़ा महंगा

इस पूरे मामले में सबसे अहम कड़ी सोशल मीडिया पर डाला गया स्टेटस रहा। जिसे सामान्य पोस्ट समझकर नजरअंदाज किया जा सकता था, वही प्रशासन के लिए बड़ा सुराग बन गया। इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध कारोबार का खुलासा किया गया।

कार्रवाई के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस डीजल का भंडारण और बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा कि इस तरह की शिकायत मिलने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले की विस्तृत जांच जिला खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद पूरे भैरूंदा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध डीजल कारोबार पर प्रशासन की नजरें और सख्त हो गई हैं।

इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुशवाह भैरूंदा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी नायब तहसीलदार आरती सोलंकी सहित राजस्व विभाग, खाद्य विभाग पुलिसबल जांच दल बनाकर भेजा गया था, मौके पर 3100लीटर अवैध भंडार किया हुआ डीजल जप्त कार्रवाई करते हुए, किसान सेवा केंद की सुपुर्द किया गया है, आगे को कार्रवाई जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी करेंगे।

### कोतवाली चौराहे पर कबाड़ के ढेर में आग:तीन मंजिला मकान तक पहुंची लपटें, 3 बाइकें जलकर खाक

**सीहोर।** कोतवाली चौराहे के पास आज सुबह लगभग पांच बजे कबाड़ के ढेर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वे तीन मंजिला मकान तक पहुंच गईं, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना में वहां खड़ी तीन मोटरसाइकिलें, जिनमें एक स्पलेंडर, एक डीलक्स और एक पल्सर शामिल थीं, पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इलाके में नाले की सड़क टूटी होने का फायदा उठाकर कबाड़ी ने मोहल्ले और सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कबाड़ फैला रखा है। आशंका है कि इसी कबाड़ के ढेर के कारण आग तेजी से फैली। मोहल्ले के लोगों में मकान मालिक और कबाड़ संचालक के खिलाफ भारी आक्रोश है। निवासियों का आरोप है कि मकान मालिक ने किराए के लालच में अपना मकान कबाड़ी को दे रखा है, जिससे पूरा मोहल्ला परेशान है। उनका यह भी कहना है कि विरोध करने पर कबाड़ संचालक स्थानीय लोगों को धमकाता है। मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से इस रिहायशी इलाके से अवैध कबाड़ और अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। बताया गया है कि विकास ठाकुर सहित अन्य लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम की मदद कर आग पर काबू पाने में सहयोग किया।



### सीहोर में 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, इछावर में हुई तेज बारिश, लोगों को उमस से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में सोमवार दोपहर को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही अंधेरा हो गया। इसके बाद करीब 61 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली, जिसने धूल का गुबार उड़ाया।

आंधी के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस मौसम परिवर्तन से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का असर अलग-अलग रहा। इछावर ब्लॉक में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि जिला मुख्यालय पर केवल बूंदाबांदी हुई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर बाद वायुमंडल में अचानक हुए बदलाव के कारण घने बादलों का निर्माण हुआ। इस बारिश से मालवा-मध्य क्षेत्र के इस हिस्से को काफी हद तक ठंडक मिली है। आगामी 24 घंटों में भी जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। आज दर्ज की गई बारिश के आंकड़े इस प्रकार हैं: इछावर में 0.91 इंच, श्यामपुर में 0.18 इंच, भैरूंदा में 0.16 इंच और सीहोर में 0.09 इंच बारिश हुई।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम दिवस का हुआ आयोजन, कार्यक्रम में दी समझाइश

# जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह समाज सदैव समृद्ध, संस्कारित और प्रगतिशील बनता है: अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम दिवस के अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, भावनात्मक एवं सामाजिक शोषण को रोकना तथा दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए समाज को संवेदनशील एवं जागरूक बनाना था। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने कहाकि हमारे भारतीय संस्कारों में माता-पिता और बुजुर्गों को देवतुल्य माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः, लेकिन बदलती जीवनशैली, व्यस्तता और भौतिकवादी सोच के कारण आज अनेक वरिष्ठजन उपेक्षा, अकेलेपन और



कभी-कभी मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक दुर्व्यवहार का सामना करने के लिए विवश हैं। जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह समाज सदैव समृद्ध, संस्कारित और प्रगतिशील बनता है।

कार्यक्रम में सभी को जागरूक करते हुए बताया गया कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान एवं मार्गदर्शन से परिवार और समाज को दिशा मिलती है। ऐसे में उनका सम्मान, सुरक्षा और देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। अनेक बार वृद्धजन उपेक्षा, आर्थिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना तथा सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं का सामना करते हैं, जिनकी रोकथाम के लिए परिवार और समाज दोनों को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उनके संरक्षण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अरूणा राय, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश यादव सहित केंद्र के अन्य सदस्य एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सीहोर क्लब ने सीहोर चिल्ड्रन को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता के दसवें दिन लीग के दौरान रविवार को दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 1-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से सुमन ने एक गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सीनियर वर्ग में सीहोर बाइज विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर बाइज 2-1 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से आदित्य ने एक गोल किया अथर्व ने एक गोल किया युवराज ने एक गोल किया आर एस आई की तरफ से ध्रुव ने एक गोल किया प्रतियोगिता में कल दो मैच खेले जाएंगे जिसमें जूनियर वर्ग में सीहोर मिनी बाइज विरुद्ध डीएसवाईडब्लू के मध्य खेला जाएगा सीनियर वर्ग सीहोर बाइज विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया।

### अवैध रेत उत्खनन करने पर 2 जेसीबी जब्त



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व एवं पुलिस के दल द्वारा जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधनी, रेहटी एवं इछावर तहसील के अंतर्गत चेकिंग के दौरान दल द्वारा रेहटी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 02 जेसीबी जब्त की गईं और रेहटी थाने की अभिरक्षा में दी गईं।

### श्यामपुर और शाहगंज में जनकल्याण शिविर आयोजित

**सीहोर।** ग्राम पंचायत श्यामपुर एवं शाहगंज सहित जिले के सभी जनपदों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र प्रदान किए और शिविरों का निरीक्षण किया। श्यामपुर में आयोजित शिविर का जनपद सीईओ नमिता बघेल और तहसीलदार श्याम चंदेले ने शुभारंभ किया और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। शिविरों में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और संबंधित विभागों की है जिम्मेदारी

# हादसे से नहीं लिया सबक ! सोमवती अमावस्या पर घाटों में ओवरलोड नावों में भरकर कराई गई 'मौत की सवारी'

एक घाट से दूसरे घाट तक पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में लोग नावों का सहारा लेते रहे, लेकिन नावों में यात्रियों की संख्या पर कोई नियंत्रण नहीं दिखाई दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जबलपुर के बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे के बाद भी प्रशासन और नाव संचालकों ने कोई सबक नहीं लिया। सोमवती अमावस्या के अवसर पर सीहोर जिले के भैरूंदा क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ती नजर आईं। नीलकंठ, बाबरी, सीलकंठ और आंवली घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को नावों में बैठाकर नदी पार कराई जाती रही। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि सुरक्षा के नाम पर घाटों पर लगभग कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दी।

सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान है कि विभिन्न घाटों पर करीब दो लाख लोगों ने स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। एक घाट से दूसरे घाट तक पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में लोग नावों का सहारा लेते रहे, लेकिन नावों में यात्रियों की संख्या पर कोई नियंत्रण नहीं दिखाई दिया। कई नावों में 100 से अधिक लोगों को बैठाकर नदी पार कराई जा रही थी।

**लाइफ जैकेट तक नहीं, भगवान भरोसे श्रद्धालु :** घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक रही। अधिकांश नावों में यात्रियों को लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं बुनियादी सुरक्षा सामग्री भी मौजूद नहीं थी। मोटर चालित नावों में अग्निशमन यंत्र तक नहीं पाए गए। तेज बहाव वाली नर्मदा में बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के लोगों को सफर कराना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा था।

### लोगों ने उठाए सवाल

पीपलठोन निवासी प्रीतम मेवाड़ा ने बताया कि घाटों पर वर्षों से सुरक्षा सुविधाओं की कमी बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं रमेश विश्वकर्मा का कहना है कि नीलकंठ घाट पर एक-एक नाव में सौ से अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा था। सुरक्षा नियमों का पालन कहीं नजर नहीं आया।



### 'पैसा दो और नाव में बैठ जाओ' की व्यवस्था

स्थानीय लोगों के अनुसार घाटों पर यात्रियों का कोई पंजीयन नहीं किया जा रहा था। न टिकट, न रसीद और न ही यात्रियों की संख्या का कोई रिकॉर्ड रखा जा रहा था। केवल किराया लेकर लोगों को नावों में बैठाया जाता रहा। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो यह पता लगाना भी मुश्किल होगा कि नाव में कितने लोग सवार थे और कौन-कौन उसमें मौजूद था।

### बचाव दल और गोताखोर भी नदारद

हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद घाटों पर आपदा प्रबंधन की कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आई। कहीं भी प्रशिक्षित गोताखोर तैनात नहीं थे और न ही कोई विशेष बचाव दल मौजूद था। चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा निर्देश और आपातकालीन सहायता केंद्र जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं का भी अभाव दिखाई दिया।

### एसडीएम बोलेः कार्रवाई की जाएगी

भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने बताया कि बरगी हादसे के बाद सभी नर्मदा घाटों का निरीक्षण किया गया था। नाव संचालकों को लाइफ जैकेट रखने और क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बड़ा सवाल

बरगी हादसे के बाद भी यदि नर्मदा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का यही हाल रहा तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, लेकिन सोमवती अमावस्या पर दिखाई दिए हालात कई गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# प्रबुद्धजन सम्मेलन में दिखी डॉक्टर, वकील और प्रोफेसरों की कमी, संगठन की सक्रियता पर उठने लगे कई सवाल

**अपेक्षा के अनुरूप फीका रहा कार्यक्रम, प्रबुद्ध वर्ग की जगह कुर्सियों पर नजर आए पार्टी कार्यकर्ता**






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन अपनी उम्मीदों और दावों के अनुरूप रंग नहीं जमा सका। पार्टी की तय गाइडलाइन के मुताबिक इस सम्मेलन में जिलेभर के प्रबुद्ध और प्रभावशाली नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति अपेक्षित थी, लेकिन हकीकत इसके उलट रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमंत्रित डॉक्टर, वकील और शिक्षाविदों जैसे प्रभावशाली वर्गों ने दूरी बनाए रखी, जिसके चलते कार्यक्रम स्थल पर अधिकांश कुर्सियां बीजेपी कार्यकर्ताओं से भरी नजर आईं।

चर्चा है कि पिछले कुछ समय से पार्टी के कई स्थानीय आयोजनों में अपेक्षित भीड़ और सक्रिय भागीदारी का अभाव लगातार देखा जा रहा है। प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है कि मौजूदा संगठन में पहले जैसी सक्रियता नहीं बची है। राजनीतिक गलियारों में लोग चुटकी ले रहे हैं कि आमंत्रण तो समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लिए था, लेकिन जब वे नहीं आए तो हमेशा की तरह पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं से कुर्सियों भरी नजर आई।

### वर्चुअल मीटिंग में प्रभारी ने जताई थी नाराजगी

कार्यक्रम के फ्लॉप होने की कहानी दो दिन पहले ही तैयार हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले हुई एक वर्चुअल मीटिंग में संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने जिला पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली और लगातार मिल रही शिकवे-शिकायतों को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने पदाधिकारियों को नसीहत दी थी कि सभी आपसी सामंजस्य के साथ काम करें। हालांकि इस मामले पर सफाई देते हुए जिला प्रभारी धारासिंह पटेल ने कहा कि वर्चुअल मीटिंग में जो भी बात हुई, वह पार्टी का अंदरूनी मामला था। किसी पदाधिकारी को सूचना न मिलने के कारण संभाग प्रभारी नाराज हुए थे। जहां तक प्रबुद्धजन सम्मेलन का सवाल है, हमने जिन्हें भी आमंत्रित किया था, वे सभी पहुंचे थे।

### मुख्य वक्ता मालवीय ने गिनाईं उपलब्धियां

अपेक्षाकृत कम भीड़ के बीच कार्यक्रम का औपचारिक संचालन किया गया। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन की शुरुआत मुख्य वक्ता व भाजपा प्रदेश मंत्री राजौ मालवीय और अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस दौरान रिटायर्ड कैप्टन संजय कुलकर्णी, बाबूलाल पटेल, मारूति शिशिर, डॉ. अशोक जायसवाल और तारा कटारिया सहित अन्य अतिथियों का सम्मान भी किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मारूति शिशिर और बाबूलाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मुख्य वक्ता राजौ मालवीय ने कहा कि 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान बनाई है। अब अंतरराष्ट्रीय निर्णयों में भारत की भूमिका अहम होती है। डिजिटल इंडिया और तकनीक के व्यापक उपयोग से सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खातों में जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगी है।

अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम का पुनर्विकास देश की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाइयों ने दुनिया को नए भारत की ताकत का अहसास कराया है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर सहित अन्य पदाधिकारी जुटे रहे।

# गौभोजनम अभियान के माध्यम से गौसेवा का दिया गया संदेश

**सीहोर।** सीहोर की सामाजिक संस्था संडे के सुकून द्वारा संचालित गौसेवा अभियान ₹गौभोजनम₹ का सफलतापूर्वक समापन किया गया। अभियान के माध्यम से ग्रीष्मकाल के दौरान नगर में विचरण करने वाले गौवंश को भोजन, पानी, पशु आहार एवं हरी घास उपलब्ध कराई गई। संस्था के सदस्यों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान अनेक स्थानों पर गौवंश भोजन एवं पेयजल के अभाव में परेशान होते हैं तथा कचरे में भोजन तलाशने को विवश हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गौभोजनम अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन नगर के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों गौवंश के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई।

अभियान के दौरान नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अनेक लोगों ने अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा परिजनों की पुण्यतिथि के अवसर पर गौसेवा कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। बच्चों एवं युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए गौवंश के लिए भोजन एवं जल की व्यवस्था में सहयोग किया। संस्था के सदस्यों द्वारा लगातार दूसरे वर्ष प्रतिदिन प्रातः गौसेवा वाहन के माध्यम से नगर में स्थापित भोजन पात्रों एवं जल पात्रों को भरा गया, जिससे सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश को दिनभर भोजन एवं पेयजल उपलब्ध हो सका। इसके साथ ही संस्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पौधों एवं गमलों की भी नियमित सिंचाई की गई, जिससे पौधे हरे-भरे बने रहे।



समापन अवसर पर संस्था के सदस्यों ने नागरिकों से प्रतिदिन प्रथम दो रोटियां गौवंश के लिए निकालने तथा गौसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से गौसंरक्षण एवं गौसेवा के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

# नवचेतना सेवा समिति मध्य प्रदेश का तीसरा प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न




**सीहोर।** समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था 'नव चेतना सेवा समिति' द्वारा एक भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की ऐसी प्रतिभावान विभूतियों को सम्मानित करना था, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से समाज और परिवार का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में उन सभी शासकीय सेवकों और सेवानिवृत्त अधिकारियों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान समाज को गौरवान्वित किया।

निःशुल्क कोचिंग और हाईटेक लाइब्रेरी का होगा निर्माण

समिति के प्रदेश अध्यक्ष देवसिंह मालवीय ने बताया कि 'नव चेतना सेवा समिति' की स्थापना वर्ष 2022 में हुई थी। तब से लेकर आज तक संस्था लगातार समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर रही है। वर्तमान में लगभग 60 से अधिक बच्चे इस निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। समिति ने अब एक और बड़ा कदम उठाते हुए खुद की हाईटेक लाइब्रेरी (भवन) के निर्माण का निर्णय लिया है। इसके लिए लगभग 23 लाख रुपये की लागत से जमीन का प्लॉट खरीदा जा चुका है, जहाँ 4000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में आधुनिक सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है।

**इस हाईटेक लाइब्रेरी की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित होंगी:** निःशुल्क शिक्षा और आवासः यहाँ मध्य प्रदेश के हर कोने से आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के रहने, खाने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क की जाएगी।

**उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारीः** इस लाइब्रेरी में रहकर छात्र आईआईटी, जेईई, आईएएस, यूपीएससी और पीसीएस जैसी बड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। संसाधनों का अभाव नहीं बनेगा बाधाः देवसिंह मालवीय ने स्पष्ट किया कि किसी भी बच्चे से कोई फीस नहीं ली जाएगी, ताकि धन के अभाव में किसी भी होनहार छात्र का सपना अधूरा न रहे।

**सामाजिक सहयोग और पारदर्शिता की अनूठी मिसाल :** इस पूरी परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें लगभग 90 प्रतिशत सहयोगी शासकीय सेवा में कार्यरत या सेवानिवृत्त लोग हैं, जो समाज सेवा की भावना से जुड़े हुए हैं। संस्था के मार्गदर्शक मंडल में यूनियन बैंक एसोसिएशन (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) के पूर्व अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीय साहब और पूर्व एडिशनल कमिश्नर (आबकारी) रामचंद्र सिलोदिया साहब, आरआर गंगारे सेवानिवृत आईएएस, आत्माराम डाबिया सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर इनकम टैक्स, राधाकिशन मालवीय जिला न्यायाधीश, मालवीय असिस्टेंट डायरेक्टर वित्त विभाग, एवं प्रदेश के अन्य संभाग एवं जिलों से नव चेतना के संभागीय अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह सोनेर उज्जैन संभागीय अध्यक्ष, मनीष सारसिया भोपाल संभागीय अध्यक्ष, इंदौर जिला अध्यक्ष श्रीदेवी सिंह गेहलोत, सीहोर जिला अध्यक्ष भवानी सिंह मालवीय, भोपाल जिला अध्यक्ष मोहर सिंह तमोलिया, उज्जैन जिला अध्यक्ष अशोक मालवीय, एवं आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पटवारी, सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर मालवीय जैसे वरिष्ठ समाजजन शामिल हैं, जिनके मार्गदर्शन में यह पूरा कार्य संचालित हो रहा है।

समिति ने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक विशेष नियम भी निर्धारित किया है। इस नियम के तहत संगठन के किसी भी पदाधिकारी या कार्यकारिणी के सदस्यों के बच्चों को इस निःशुल्क व्यवस्था का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह पूरी व्यवस्था केवल और केवल समाज के उन जरूरतमंद, गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए समर्पित है जिनके माता-पिता बड़े शहरों का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

**प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए एक बड़ा जत्था भोपाल पहुंचा**

# अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




अहिरवार समाज संघ के तत्वावधान में रविवार को भोपाल के गोविंदपुरा स्थित आई टी आई सभागार में प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में प्रदेश भर के साथ-साथ सीहोर जिले से भी बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध संत शिरोमणि रविदास और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। अधिवेशन का उद्घाटन समाज के धर्मगुरुओं द्वारा किया गया।

अहिरवार समाज संघ के प्रदेश मुख्य सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सीहोर जिले से समाज बंधुओं का एक बड़ा जत्था भोपाल पहुंचा। सीहोर से शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में मंसाराम अहिरवार, नर्मदा प्रसाद, राजकुमार, धर्मेंद्र, शोभाराम, मांगीलाल, फूल सिंह, नरेश, कैलाश महोबिया, दीवान सिंह अहिरवार, गोरेलाल और भागीरथ सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल थे, जिन्होंने अधिवेशन की विभिन्न परिचर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**कुरीतियों को मिटाना और शिक्षा को बढ़ावा देना जरुरी :** प्रांतीय अधिवेशन में समाज की वर्तमान दिशा और दशा पर गहन मंथन किया गया। वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही सामाजिक एकता को मजबूत करने, शिक्षा के स्तर को सुधारने और युवाओं में जागरूकता पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के होनहार व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अजेक्स अध्यक्ष व वरिष्ठ आईएएस जेएन कंसोटिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र चौधरी, जल संसाधन विभाग भोपाल के अधीक्षक यांत्रिकी एमसी अहिरवार एवं पूर्व अपर कलेक्टर निशा बांगरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार ने की। इस दौरान संस्था के संस्थापक चौधरी अमन सिंह नरवरिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता गोलियां, संगठक मंत्री गोपीलाल अहिरवार और कार्यकारी अध्यक्ष बीएस मंड्रे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मंडल और प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार ने सीहोर सहित पूरे मध्य प्रदेश से आए सभी अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की यह एकजुटता और सहभागिता आने वाले समय में अहिरवार समाज को एक नई ऊंचाई और सही दिशा प्रदान करेगी।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन

# वरिष्ठजनों के सम्मान में भाजपा का अभिनंदन कार्यक्रम इन्हीं के संघर्ष से मजबूत हुआ संगठनः विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं वृद्धजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम तुर्कीपुरा, लसुलिया रामनाथ, कांकरिया, झालड़ा तथा कुरावर नगर में आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठजनों का मंगल तिलक लगाकर एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया।



कुरावर मंडी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसके पीछे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पुरोधाओं का त्याग, संघर्ष एवं वर्षों का अथक परिश्रम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने संगठन और विचारधारा को मजबूत बनाए रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने वरिष्ठजनों को भाजपा की मजबूत नींव बताते हुए उनके योगदान को सदैव प्रेरणादायक बताया।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश मंडलोई ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, सत्येंद्र सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष रवि मीना, रामेश्वर नायक, जगदीश जागीरदार, कैलाश मंडलोई, गोविंद मालवीय, शिवचरण मंडलोई, बद्रीप्रसाद मंडलोई, गणेश महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# तेज आंधी-बारिश से कई पेड़ धराशायी, टीनशेड फ्लेक्स उड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को दिनभर की 'उमस और भीषण गर्मी से राहत' मिली। लेकिन 'तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर नुकसान' भी हुआ। तेज आंधी से कई पेड़ धराशाई हो गए, जिससे कुछ मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। वहीं तेज हवाओं के चलते 'तीन टीनशेड एवं फ्लेक्स उड़ने' की सूचना मिली है। किसानों ने बारिश को फसलों के लिए लाभदायक' बताया, वहीं तेज हवा से कुछ स्थानों पर फसलों को नुकसान की आशंका भी जताई गई है। मौसम में आए इस बदलाव से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। 'प्रशासन द्वारा लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों तथा कमजोर ढांचों से दूर रहने की अपील' की गई है।

# भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दुनिया चाहे कुछ भी कहे, हमें हमारे लक्ष्य से नहीं भटकना चाहिए। अपने लक्ष्य से न भटकना सफलता की सबसे पहली और महत्वपूर्ण कुंजी है। स्थिर ध्यान और निरंतर प्रयास से सफलता जरूर मिलती है। उक्त कथन श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर में चल रही भागवत कथा के छठवे दिन शनिवार रात्रि को कथा वाचक श्रीश्री 108 मण्डलेश्वर आचार्य श्री रामप्रसाद जी व्यास ने कहे। इससे पूर्व मुख्य यजमान समाज सेवी विष्णु प्रसाद जोशी ने सपरिवार भागवतजी की आरती उतारी। इसी कड़ी मे आचार्य व्यास ने कंस वध, महा रासलीला और रुकमणी विवाह के प्रसंग का विस्तार के वर्णन किया। श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण कर उनसे विवाह किया था।



इस प्रसंग के माध्यम से यह समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वे भगवान नारायण से दूर नहीं रह सकतीं। साथ ही भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य व्यास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी, वरिष्ठ पेंसनर प्रेम शंकर पाण्डेय, जयहिंद प्रकाश दुबे, सत्य नारायण शर्मा, पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, वरिष्ठ अभिभाषक ओम प्रकाश विजयवर्गीय, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, समाज सेवी केशव लाल राठौर, राजेंद्र पालीवाल, महेश पाटीदार सहित कई महिलाओ व पुरुषो ने भागवत कथा का श्रवण किया। वही भागवत कथा के सातवे दिन रविवार को विभिन्न प्रसंग सुनाकर आचार्य व्यास ने कथा का समापन किया।

# गोवर्धन नाथ जी की हवेली में भागवत कथा संपन्न

मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार का रोचक चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के गोवर्धन नाथ जी की हवेली में मोहनलाल गुप्ता दुपाड़िया वाला परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ। अंतिम दिवस कथा में पं. कमल बिहारी जी नागर ने 'मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार' का रोचक चित्रण किया। पं. नागर ने कहा कि 'भागवत श्रवण से पाप से मुक्ति मिलती है'। शुकदेव जी ने 'राजा परीक्षित को भागवत श्रवण कराकर मोक्ष प्रदान कराया' था। 'सुदामा-कृष्ण मित्रता' के प्रेरणादायी प्रसंग को समझाते हुए कहा कि 'ष्मित्र वही जो संकट के समय काम आवेष'। सच्ची मित्रता में कोई भेदभाव नहीं होता। जरासंध एवं कालयवन प्रसंग' का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान कृष्ण



की रणनीति से धर्म की रक्षा हुई। जीवन में आवश्यकता पर कहा कि 'भगवान का संदेश है- अचानक दरवाजा नहीं खोलना चाहिए, क्योंकि आने वाले का क्या भाव है यह पता नहीं होता'। साथ ही मन को मुकाम पर रखो तो सारे काम बनते हैं। कथा के समापन पर आरती-पूजन कर प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या मेडतवाल समाज सहित अन्य धार्मिक श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में एसके मुंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचक 'कमलेश भाई जी' ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा के चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए 'द्वारिका लीला' का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि 'सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा चरित्र है'। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका लीला का वर्णन करते हुए बताया कि 'भगवान अपने भक्तों के प्रेम के आगे सदैव नतमस्तक रहते हैं'। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर 'ष्हरे कृष्ण-हरे कृष्णष' के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कथा समापन अवसर पर 'महाआरती एवं प्रसादी वितरण' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के समापन पर 'आयोजक मुंदड़ा परिवार' ने कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

**ब्यावरा।** शहर के शहीद भरथरे बस स्टेंड के सामने रविवार सुबह तेज गति से जा रहे ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारकर रौंदते हुए निकल गया। पुलिस के मुताबिक मांगीलाल सौंधिया निवासी अरन्या बाइक से बस स्टैंड पर जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचओ 9754 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मांगीलाल को करीब 100 फीट तक घसीटते हुए ले गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव वाहन बुलाकर पीएम के लिए अस्पताल भेजा और टक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## किसानों के सम्मान में कांग्रेस की विशाल रैली एवं आमसभा आज

**जीरापुर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विशाल आंदोलन और ट्रैक्टर रैली सहित आमसभा स्थानीय बस स्टेड पर सोमवार प्रातः 11 बजे कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में रखा गया है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वर्तमान समय में किसानों को आ रही खाद की भारी समस्या। अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशानी। क्षेत्र में गहराती पेयजल (पीने के पानी) की समस्या। जैसे अहम मुद्दों को लेकर यह रैली निकाली जाएगी।

समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और किसान भाइयों से पार्टी ने अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर आने का आह्वान किया और अन्नदाताओं के हक की इस लड़ाई को मजबूत बनाएं।

# फूलमाली समाज खारीया धर्मशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक एक खारीया मोहल्ला स्थित फूल माली समाज धर्मशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को मोहल्ला खारीया समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद की अध्यक्षता में एवं सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल पुष्पद फूलमाली महापंचायत जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद पछेटवाडी पंचायत अध्यक्ष केलाश पुष्पद भगत पार्षद राकेश पुष्पद तारा गंज पंचायत अध्यक्ष रामचन्द्र पुष्पद पुर्व पार्षद रामचरण पुष्पद सहित अन्य अतिथियों के मुख्य आथित्य मे संपन्न हुआ। खारीया पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद ने बताया कि मोहल्ला खारीया के सभी समाज जनो के सहयोग से धर्मशाला परिसर मे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए एक 30 बाय 90 के टीनशेड का निर्माण कराया जाएगा जिससे समाज बंधुओं को बारिश के दिनो मे कार्यक्रम करने मे सुविधा होगी। खारी या पंचायत द्वारा सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सकल पंच सचिव गोरीलाल पुष्पद ने किया तथा आभार मोहल्ला सचिव रामेश्वर पुष्पद ने माना। इस अवसर पर समाजजन मौजूद रहे।

# चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुरावर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान चार आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से लगभग 80 हजार रुपये मूल्य के वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना कुरावर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

थाना कुरावर में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान संदीप पिता सुमेर सिंह राजपूत (19 वर्ष) निवासी लसूडिया रामनाथ एवं तरुण सोनी पिता बृजमोहन सोनी (24 वर्ष) निवासी बालाजी कॉलोनी, कुरावर के कब्जे से चोरी गई एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 39 जेडए 5142 बरामद की गई। वहीं एक बाल अपचारी एवं रोहित पिता रामस्वरूप निवासी लसूडिया रामनाथ के कब्जे से मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 जेड बी 1848 बरामद की गई। पुलिस आरोपियों से अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मिथुन जाट, नरेश, प्रदीप बैरागी, आरक्षक नवल एवं राहुल चंदेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री मेगा अपार दिवस मनाकर मौके पर बनाई गई बच्चों की अपार आईडी, आज स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार प्रत्येक बच्चे की अपार आईडी बनाई जाने के लक्ष्य अनुसार प्रत्येक शनिवार को अपार आईडी दिवस जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर मनाने संबंधित आदेश हुए हैं। इसी अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया में 14 जून को अपार आईडी बनाई गई तथा जिन बच्चों के नाम में संशोधन है उन बच्चों के फार्म भरवाकर बीआरसी में जमा करने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी अपार आईडी अगले सप्ताह के शनिवार तक अपार आईडी बनाई जा सके। यह पखवाड़ा पूरे जून माह तक चलेगा शत प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाई जा सकेगी। इस अवसर पर आवश्यक सभी निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र के लिए गए।




## 16 जून से स्कूल में होगा प्रवेश उत्सव

16 जून से शुरू हो रहे प्रवेशोत्सव को लेकर सभी को निर्देश दिए कि इसी दिन पुस्तक वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से करवाई जाए माला पहनाकर प्रवेश उत्सव मनाया जाए। इस दिन विशेष भोज बनाया जाएगा जिसमें खीर पुड़ी, लड्डू, मिठाई,नमकीन, अचार सब्जी ,दाल मीनू अनुसार बनाई जाए, शत-प्रतिशत बच्चों की मैपिंग की जाए, प्रोग्रेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग पर 1 कक्षा के बच्चे को दर्ज किया जाए, स्कूल भवन में साफ सफाई पुताई की जाए कूड़ा-करकट हटाया जाए , पेड़ पौधों में पानी दिया जाए, एफ एल एन समय सारणी , ट्रेकर शीट शिक्षा का कोना, टीएल एम सामग्री,किट आदि का उपयोग करते हुए लक्ष्य अनुसार शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए अध्यापन कार्य करवाया जाए। हमारे शिक्षक एप पर हाजरी लगाई जाए, पालक संपर्क किया जाए, साक्षरता नोडल शिक्षक प्रत्येक स्कूल में बनाया जाए जहां हाई स्कूल सांसें स्कूल है वहां के बच्चे को मेंटर बनाया जाना है।

# 21 जून को मनाया जाएगा कबीर उत्सव तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विश्व वंदनीय संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 21 जून को आयोजित होने वाले कबीर उत्सव, चल समारोह एवं विशाल भजन संध्या की तैयारियों को लेकर रविवार को शगुन विहार कॉलोनी में समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई तथा समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में समाज के वरिष्ठजन सेवानिवृत्त



रतनलाल मालवीय, नारायणसिंह मालवीय, रोडमल मालवीय, माखन सिंह सौराष्ट्रीय, मोहनलाल मालकीवीय, फॉरेस्ट रेंजर निकुंज मालवीय, महिला मंडल से माया चैहान, संगीता मालवीय, विनोद गोयल, सुनील गोयल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाम 4 बजे चल समारोह, शाम 7 बजे अतिथियों का स्वागत तथा रात्रि 8 बजे से विशाल कबीर भजन संध्या का आयोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### अब तक 1 लाख 82 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत द्वितीय चरण के अंतिम दिन 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में 1 लाख 82 हजार 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। द्वितीय चरण में अब तक 86 हजार 679 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिनमें 64 हजार 535 विद्यार्थी स्नातक (UG) तथा 22 हजार 141 स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी हैं। इससे पूर्व प्रथम चरण में 72 हजार 477 विद्यार्थियों ने स्नातक तथा 17 हजार 463 विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया था। अब तक कुल प्रवेशित विद्यार्थियों में 1 लाख 37 हजार 12 विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रमों, 39 हजार 607 विद्यार्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा 5 हजार 854 विद्यार्थी एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके हैं। प्रथम चरण में आवंटित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। विभाग ने विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। प्रवेश प्रक्रिया के अगले चरण के रूप में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (CLC) के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है।

### 30 जून तक बढ़ाई गई पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। पहले अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भजनों के साथ मनाई खुशी, सभी ने दी बधाई

# लाडली बहनों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाना ही भाजपा का लक्ष्य है : गोपाल सिंह इंजीनियर

भजन प्रतियोगिता में खाचरोद मंडल क्षेत्र के मंदिरों की लगभग 23 महिला भजन मंडलियों की करीब 400 से अधिक महिलाएं शामिल हुई ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद





भाजपा खाचरोद मंडल के सहयोग से माँ वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन के तत्वाधान में आज खाचरोद में महिला मंडलों की भजन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजित उक्त कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य यह है कि महिलाओं का सशक्तिकरण हो, उनका मान,सम्मान हो । सरकार की भी यही प्राथमिकता है । महिला मंडलो की भजन प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं को मंच प्रदान करना,उन्हें सक्रिय करना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर क्षेत्र में लगातार कार्यक्रमो के माध्यम से नये नये नवाचार करते हुए सक्रिय बने रहते है । इस बार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो में नवाचार कार्यक्रम के तहत सभी मंदिरों की महिला भजन मंडलियों की भजन प्रतियोगिता का एक अनूठे आयोजन की शुरुआत की है । भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर चलाये जा रहे अनेकों कार्यक्रमो,कार्यो की कड़ी में एक नये ओर अनूठे कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत आष्टा विधानसभा क्षेत्र से हुई है,उक्त कड़ी में रविवार को खाचरोद में माँ वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन आष्टा द्वारा भाजपा खाचरोद मंडल के सहयोग से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में विधानसभा स्तरीय महिला भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन खाचरोद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ,विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, खाचरोद के सरपंच शंकरलाल पटेल,वीरेन्द्र ठाकुर जसमत, सुशील संचेती, महेंद्रसिंह गऊखेड़ीमाँ वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना राजेश मेवाड़ा, कार्यक्रम के संयोजक रामश्री वादी,व्यवस्थापक प्रवेश शर्मा,वर्षा धारवा,पूजा शर्मा,अमिता विश्वकर्मा सहित अन्य सभी अतिथियों की उपस्तिथि में भारत माता एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भजन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की नारी शक्ति, लाडली बहनाओ को आत्मनिर्भर, शक्ति सम्पन्न, स्वावलंबी बनाना भाजपा का लक्ष्य है। केंद्र और राज्य की सरकार मिल कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर कार्य कर रही है और हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाया जा रहा है । मप्र में हमारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जो लाडली बहना योजना शुरू की थी,जिसमे शुरुआत में बहनाओ के खाते में एक हजार हर माह सम्मान निधि डालना शुरू किया जिसे डॉ मोहन यादव ने बढ़ा कर 15 सौ कर दिये है,ओर आगे इसे बढ़ा कर 3 हजार किये जाएंगे । आज जो बहनों की भजन मंडलिया आई है वे अभी तक मंदिरों में बार त्योहार पर भजन करती है,आज आपको मंच उपलब्ध कराने के पीछे जो उद्देश्य है वो ये की आप आगे आये और नेतृत्व करे । नवाचार के तहत जो यह एक अनूठा आयोजन भजन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। इसके पीछे जो प्रमुख उद्देश्य है। वह मध्य प्रदेश कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव की यही सोच एवं यही उद्देश्य है की हमारी सभी लाडली बहनाओ का हर क्षेत्र में उनका मान सम्मान बड़े,वे सक्रिय होवे । आपका विधायक भाई आपके हर सुख दुख में आपके साथ है । ग्रामीण क्षेत्रों में गायन के क्षेत्र में जो प्रतिभाएं छुपी हुई है जिन्हें कभी मंच प्राप्त नहीं होता है, ऐसी महिलाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मंच प्राप्त हो । उनका हर क्षेत्र में मान सम्मान बड़े । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी लाडली बहनाओं को संबोधित करते हुए घोषणा की,की यह प्रतियोगिता ऐसा नहीं है कि इसी साल होगी इस तरह की प्रतियोगिता हर साल लाडली बहनाओ के लिए पूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलों में आयोजित करूंगा तथा हर वर्ष रक्षाबंधन पर भी आठो मंडलों में लाडली बहनाओ से रक्षा सूत्र बंधवाने आपका भाई आपके बीच आएगा । आपके मान सम्मान,आपकी रक्षा सुरक्षा के लिए आपका भाई विधायक हमेशा आपके लिए तत्पर है । विधायक ने कहा की आज केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार एवं प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव की सरकार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर अत्यधिक गंभीर और सक्रिय है । महिलाओं के उत्थान, उनके विकास उनके मान सम्मान सुरक्षा को लेकर हमारी सरकार अनेको कार्य कर रही है, तथा कई योजनाएं भी प्रारम्भ की है, जिसका लाभ आपको प्राप्त हो रहा है । विधायक इंजीनियर ने कहा की मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जब घरों में बेटी का पैदा होना अभिशाप माना जाता था इसको खत्म करने के लिए तथा बेटियों को इस संसार में आने के लिए उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की ।

इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री ने जो लाडली बहन योजना प्रारंभ की थी हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उसे योजना को और अधिक आगे बढ़ते हुए पूर्व में जो 1000 की राशि सम्मान निधि के रूप में बहनों के खाते में भेजी जाती थी । आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वह राशि बढ़कर 1500/- प्रतिमाह हो गई है । हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा कि है की अब इसे हम धीरे-धीरे बढ़कर 3000/- तक लेकर जाएंगे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में शक्ति स्वरूपा सभी बहनाओ पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत सम्मान किया । कार्यक्रम में भजनों की धुन पर विधायक ने सभी लाडली बहनाओ के साथ नृत्य किया।भजन प्रतियोगिता कार्यक्रम को शिव पाटीदार, शंकर पटेल, सुशील संचेती, रामश्री वादी, माँ वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना मेवाड़ा आदि ने भी संबोधित कर इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। आयोजक माँ वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना राजेश मेवाडा ने बताया की आज खाचरोद मंडल के सहयोग से खाचरोद में मंडल स्तर पर प्रतिभागी मंडलियों में से राधारानी महिला मंडल रिछड़िया को प्रथम स्थान,सांवरिया ग्रुप महिला मंडल खाचरोद को द्वितीय स्थान एवं श्रीराम महिला मंडल नीलबड़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जो मंडली प्रथम, द्वितीय, तृतीय आई उनको एवं जितनी भी अन्य मंडलियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया उन सब को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी अतिथियों के साथ पुरुष्कृत कर सभी बहनाओ को सम्मानित किया गया। आयोजित भजन प्रतियोगिता में खाचरोद मंडल क्षेत्र के मंदिरों की लगभग 23 महिला भजन मंडलियों की करीब 400 से अधिक महिलाएं शामिल हुई । प्रातः 11 बजे से शुरू हुई उक्त भजन गायन प्रतियोगिता का दोपहर 3 बजे समापन हुआ । समापन पर आष्टा के सुप्रसिद्ध भजन गायक शिव पाटीदार ने धार्मिक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के संदीप प्रजापति,गणेश राठौर, श्रीमति रमा-राम श्रीवादी,खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,सरपंच शंकर पटेल,यशवन्तसिंह ठाकुर,सचिव लखन वर्मा एवं उपस्तिथ खाचरोद के पत्रकारों सहित सभी विशेष सहयोगियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पहुचे विधायक इंजीनियर का खाचरोद भाजपा मंडल द्वारा भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम के समापन पर माँ वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल विश्वास के,विकास के एवं लोककल्याण के पूर्ण होने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में सभी लाडली बहनाओ ने भजनों के माध्यम से खुशी मनाई एवं प्रधानमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । संचालन महामंत्री यशवन्तसिंह ठाकुर ने किया ।

अंत मे आभार खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार ने किया। आयोजित भजन प्रतियोगिता में खाचरोद मंडल के सरपंच शंकर पटेल जाट सचिन लखन वर्मा रोजगार सहायक सुनील जाट अकेसिंह ठाकुर, सरपंच बडघाटी राजेश महेंद्रसिंह ठाकुर सरपंच रामपुर कला,धर्मेन्द्र धनगर, सरपंच रोलागाव भुजराम जाट भरोस जाट सौभाल पडियार तिलक राम मांगीलाल ,सोहन सोनी,अरुण जाट,राहुल जाट,लोकेंद्र ठाकुर,हमीरसिंह गोयल,गौरीशंकर पाटीदार,प्रेम पाटीदार,महेश महेश्वरी,बहादुरसिंह ठाकुर,जितेन्द्र धनगर,आनन्द डूडी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,सरपंच एवं बड़ी संख्या में नगर की मातृशक्ति उपस्थित रही।


## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष एसडीएम से मिले



**भैरूंदा।** मानसून की दस्तक के साथ खेतों में काम तेज हो गया है, लेकिन इसी बीच किसानों को जरूरी संसाधनों की कमी झेलनी पड़ रही है। इन्हीं समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह से मुलाकात करते हुए, किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दे उनके सामने रखे।

इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष सुनील गोलिया,व चचंदर मीणा ने बताया कि इस समय किसान खरीब फसल की तैयारी में जुटा हुआ है, किसान बुवाई की तैयारी कर रहे हैं, खेतों की जुताई, बुवाई करने के लिए उन्हें डीज़ल की पर्याप्त और सुचारू उपलब्धता नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है। कई पेट्रोल पंपों पर किसानों को समय पर डीज़ल नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती का काम प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि डीज़ल की सप्लाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। इसके साथ ही मूंग पंजीयन को लेकर भी समस्या सामने रखी गई। बताया गया कि सर्वर डाउन रहने और समय पर गिरदावरी नहीं होने के कारण कई किसान पंजीयन से वंचित रह गए हैं। ऐसे में पंजीयन की तारीख बढ़ाने की मांग की गई, ताकि कोई भी किसान योजना के लाभ से छूटे नहीं। प्रतिनिधिमंडल ने अवैध रेत परिवहन का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीण क्षेत्रों से रेत से भरे ट्रैक्टर बिना नियंत्रण के गुजर रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इस पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील गोल्या, चंदर मीना, सुभाष पटेल सहित राजकुमार पटेल (धन्नाश), राजेश पटेल (छपरी), मुकेश पंवार और राहुल धावरे मौजूद रहे।

### बिना टोकन व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के सीधा पूर्व की तरह दिया जाए किसानों को डीजल : हरपाल ठाकुर



**आष्टा।** सरकार द्वारा किसानों को बिना रजिस्ट्रेशन खाद नहीं देने एवं किसानों को पेट्रोल पंप पर ड्रम या अन्य पात्रों में डीजल नहीं देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री मोहन यादव 'किसान कल्याण वर्ष' मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। पेट्रोल पंपों से किसानों को टैंक या अन्य पात्रों में डीजल देने पर रोक है और खाद प्राप्त करने के लिए भी ऑनलाइन पंजीकरण एवं टोकन की जटिल व्यवस्था लागू की गई है। सीहोर जिले के चारों विधायक और तीनों सांसदों से अपेक्षा है कि वे किसानों की इस समस्या को गंभीरता से उठाएं और पूर्व की व्यवस्था की तरह किसानों को बिना अनावश्यक रोक-टोक डीजल उपलब्ध कराने तथा खाद वितरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पहल करें, ताकि किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन मिल सकें और उनकी खेती प्रभावित न हो। अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने सीहोर विधायक सुदेश राय इच्छावर विधायक एवं मंत्री करण सिंह वर्मा आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव जिले से संबंधित सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल सांसद आलोक शर्मा देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से कहा है कि जब आपको लोगों ने वोट देकर जिताया तो फिर किसानों की जरूरी मांगों के लिए आप लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से बात करके इस समस्या का समाधान क्यों नहीं करवाते हैं मैं तो भाजपा के विधायक गण सांसद गण एवं मंत्रीगणों सहित ग्राम से लेकर जिले तक के पदाधिकारी से कह रहा हूं कि आप लोग अपनी जिम्मेदारी को निभाइए और तत्काल किसानों को बिना रोक-टोक के पेट्रोल पंप से डीजल मिले एवं बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के सीधा खाद मिले इस किसान कल्याण वर्ष में पहले ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की भावांतर योजना के कारण किसानों का सोयाबीन 3500 ₹4000 प्रति कुंटल में लूट लिया गया है जबकि आज वही सोयाबीन 7500 से आठ हजार रुपए प्रति क्विटल बिक रहा है जबकि सरकार को चाहिए था कि वहां सिर्फ सोयाबीन समर्थन मूल्य से ऊपर भाव में खरीदा जाए की व्यवस्था करें पर सरकार ने जानबूझकर बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए भावांतर योजना लेकर आए ताकि उसे 45 दिन के अंदर किसान अपना सारा सोयाबीन तत्काल बेच दे जिससे किसान एक तरह से बर्बाद हो गए।

### जनहित से जुड़े कुल 20 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की

# विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा:नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इसी क्रम में नपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी नगर के विकास की आधारशिला मजबूत सड़कें और सुव्यवस्थित नालियां होती हैं। इनके बिना नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना संभव नहीं है। उक्त विचार सोमवार को नगर पालिका परिषद की पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) बैठक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कही। बैठक में नगर विकास एवं जनहित से जुड़े कुल 20 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।नपाध्यक्ष श्री ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए विशेष योजना के तहत नालियों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

बैठक में वार्ड क्रमांक 2 में ब्रह्मपुरी कॉलोनी की आंतरिक गलियों में पेपर ब्लॉक निर्माण कार्य लागत 11.66 लाख वार्ड क्रमांक 15 में लगभग 30.56 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई। वहीं वार्ड क्रमांक 17 स्थित राजविहार कॉलोनी के सामने मुख्य मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु लगभग 23.05 लाख रुपये के पुनरीक्षित प्राक्कलन को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने पर सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 18 में लेकर कॉलोनी कंट्रोल की दुकान से सतीश के घर होते हुए मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 10.22 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार किया गया।

